# 2 तार्किक और विश्लेषणात्मक तर्क
## (Logical & Analytical Reasoning)

## 2024

1. अनुक्रम 3, 14, 39, 84, *, 258 में * के स्थान पर क्या आएगा?
   (a) 150
   (b) 155
   (c) 160
   (d) 176

   *UPSC-2024*

   *सही उत्तरः* (b)

2. यदि एक निश्चित कोड में, 'ABCD' को 24 के रूप में लिखा जाता है तथा 'EFGH' को 1680 के रूप में लिखा जाता है, तो इस कोड में 'IJKL' को कैसे लिखा जाता है?
   (a) 11880
   (b) 11240
   (c) 7920
   (d) 5940

   *UPSC-2024*

   *सही उत्तरः* (a)

3. यदि एक निश्चित कोड में, 'POT' को ATOP के रूप में लिखा जाता है तथा 'TRAP' को APART के रूप में लिखा जाता है, तो इस कोड में 'ARENA' को कैसे लिखा जाता है?
   (a) AARENA
   (b) AANREA
   (c) AANEAR
   (d) AANERA

   *UPSC-2024*

   *सही उत्तरः* (d)

4. एक व्यक्ति अपने घर से सीधा 100 m चलता है, बाएँ मुड़ता है और 100 m चलता है, पुनः बाएँ मुड़ता है और 300 m चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और अपने कार्यालय पहुँचने के लिये 100 m चलता है। यदि उसका कार्यालय सटीक उत्तर-पूर्व दिशा में है, तो वह प्रारंभ में अपने घर से किस दिशा में चलता है?
   (a) उत्तर-पश्चिम
   (b) पश्चिम
   (c) दक्षिण
   (d) दक्षिण-पश्चिम

   *UPSC-2024*

   *सही उत्तरः* (c)

5. एक व्यक्ति 100 m पश्चिम की ओर चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 100 m चलता है। फिर वह घड़ी की सुई की दिशा में (दक्षिणावर्त) 225° मुड़ता है। अब वह किस दिशा में चल रहा है?
   (a) दक्षिण-पश्चिम
   (b) दक्षिण-पूर्व
   (c) उत्तर-पश्चिम
   (d) उत्तर-पूर्व

   *UPSC-2024*

   *सही उत्तरः* (d)

6. एक परीक्षा में 80% छात्र अंग्रेजी में उत्तीर्ण हुए, 70% छात्र हिन्दी में उत्तीर्ण हुए और 15% छात्र दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण हुए। ऐसे छात्रों की प्रतिशतता कितनी है, जो केवल एक विषय में अनुत्तीर्ण हुए?
   (a) 15%
   (b) 20%
   (c) 25%
   (d) 35%

   *UPSC-2024*

   *सही उत्तरः* (b)

7. एक मुख्य कथन है, जिसके बाद P, Q, R और S द्वारा चिह्नित चार कथन हैं। कथनों के उस क्रमबद्ध युग्म का चयन कीजिये जहाँ पहले कथन में दूसरा कथन अंतर्निहित है, और दोनों कथन तार्किक रूप से मुख्य कथन के साथ संगत हैं।

   मुख्य कथन: प्रदीप या तो एक निर्देशक या एक निर्माता बन जाता है।

   कथन P: प्रदीप एक निर्देशक है।

   कथन Q: प्रदीप एक निर्माता है।

   कथन R : प्रदीप एक निर्देशक नहीं है।

   कथन S : प्रदीप एक निर्माता नहीं है।

   सही उत्तर चुनिए।
   (a) केवल SP
   (b) केवल RQ
   (c) SP और RQ दोनों
   (d) न तो SP और न ही RQ

   *सही उत्तरः* (c)

   *UPSC-2024*

8. एक कथन दिया गया है, जिसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं, जिनके क्रमांक I और II हैं। कथन और निष्कर्षों पर विचार कीजिए।

कथन: भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है।

निष्कर्ष-I : भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध निर्यातक है।

निष्कर्ष-II : भारत दूध का आयात नहीं करता है।

निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) केवल निष्कर्ष-I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष-II निकलता है
(c) निष्कर्ष-1 और निष्कर्ष-II दोनों निकलते हैं
(d) न तो निष्कर्ष-I और न ही निष्कर्ष-II निकलता है

***UPSC-2024***

*सही उत्तरः* **(d)**

9. किसी घड़ी में (एक ही दिन) 10:00 a.m. और 2:00 p.m. के बीच में घंटे की सुई और मिनट की सुई कितनी बार संपाती होती हैं? ***UPSC-2024***

(a) 3 बार
(b) 4 बार
(c) 5 बार
(d) 6 बार

*सही उत्तरः* **(a)**

10. वर्ष 2025 का कैलेंडर किस वर्ष के कैलेंडर के समान है?

(a) 2029
(b) 2030
(c) 2031
(d) 2033 ***UPSC-2024***

*सही उत्तरः* **(c)**

11. जब घड़ी 4:25 घंटे दर्शाती है, तब मिनट की सुई और घंटे की सुई के बीच का कोण कितना है?

(a) 12.5°
(b) 15°
(c) 17.5°
(d) 20°

***UPSC-2024***

*सही उत्तरः* **(c)**

12. एक घन को 64 समरूप (आइडेंटिकल) टुकड़ों में काटने के लिये आवश्यक काटों की न्यूनतम संभावित संख्या क्या है?

(a) 8
(b) 9
(c) 12
(d) 16 ***UPSC-2024***

*सही उत्तरः* **(b)**

13. A_BCD_BBCDABC_DABC_D पर विचार कीजिये जो एक निश्चित पैटर्न का अनुसरण करता है। निम्नलिखित में से कौन-सी, इस अनुक्रम को पूरा करता है?

(a) B, A, D, C
(b) B, A, C, D
(c) A, A, C, D
(d) A, A, D, C

***UPSC-2024***

*सही उत्तरः* **(c)**

## 2023

**1. यदि 'ZERO' को 'CHUR' के रूप में लिखा जाता है, तो 'PLAYER' को किस रूप में लिखा जाएगा?**

**(a) SOCAGT**

**(b) SODBGT**

**(c) SODBHT**

**(d) SODBHU**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**

**जिस प्रकार,**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26 | 5 | 18 | 15 |
| Z | E | R | O |
| +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ |
| C | H | U | R |
| 3 | 8 | 21 | 18 |

**उसी प्रकार,**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | 12 | 1 | 25 | 5 | 18 |
| P | L | A | Y | E | R |
| +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ |
| S | O | D | B | H | U |
| 19 | 15 | 4 | 2 | 8 | 21 |

**2. यदि $7 \oplus 9 \oplus 10 = 8$, $9 \oplus 11 \oplus 30 = 5$, $11 \oplus 17 \oplus 21 = 13$ है, तो $23 \oplus 4 \oplus 15$ का मान क्या है?**

**(a) 6** **(b) 8**

**(c) 13** **(d) 15**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** जिस प्रकार, $7 + 9 + 10 = 26 \Rightarrow 2 + 6 = 8$

तथा $9 + 11 + 30 = 50 \Rightarrow 5 + 0 = 5$

$11 + 17 + 21 = 49 \Rightarrow 4 + 9 = 13$

उसी प्रकार, $23 + 4 + 15 = 42 \Rightarrow 4 + 2 = 6$

**3. शब्द "INCOMPREHENSIBILITIES" के अक्षरों को वर्णमाला के प्रतिलोम क्रम में रखा जाता है। अक्षर/अक्षरों की कितनी स्थिति/स्थितियाँ अपरिवर्तित रहेगी/रहेंगी?**

**(a) किसी की भी नहीं**

**(b) एक की**

**(c) दो की**

**(d) तीन की**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:**

I N C O M P R E H E N S [I] B [I] L I T I E S

T S S R P O N N M L I I [I] I [I] H E E E C B

**4. 40 बच्चे वृत्ताकार रूप में खड़े हैं और उनमें से एक (मान लीजिये, बच्चा क्रमांक-1) के पास एक छल्ला है। इस छल्ले को दक्षिणावर्त दिशा में आगे हस्तांतरित (पास) किया जाता है। बच्चा क्रमांक-1 इस छल्ले को बच्चा क्रमांक-2 को पास करता है, बच्चा क्रमांक-2 इसे बच्चा क्रमांक-4 को पास करता है, बच्चा क्रमांक-4 इसे बच्चा क्रमांक-7 को पास करता है, और इसी क्रम में इसे आगे पास किया जाता है। ऐसे कितने परिवर्तनों (बच्चा क्रमांक-1 को मिलाकर) के बाद यह छल्ला फिर से बच्चा क्रमांक-1 के हाथों में होगा?**

**(a) 14**

**(b) 15**

**(c) 16**

**(d) 17**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** $1 \to 2 \to 4 \to 7 \to 11 \to 16 \to 22 \to 29 \to 37 \to 46 \to 56 \to 67 \to 79 \to 92 \to 106 \to \boxed{121}$

पहला बच्चा वृत्त में पुन: 41वे / 81वे / 121वे / 161वे इत्यादि स्थानों पर होगा।

**5. निम्नलिखित पर विचार कीजिये, जिनमें प्रश्न और कथन शामिल हैं:**

**किसी परिवार में 5 सदस्य A, B, C, D, E हैं।**

**प्रश्न: E का B से क्या संबंध है?**

**कथन-1: A और B विवाहित दंपति हैं।**

**कथन-2: D पिता है C का।**

**कथन-3: E पुत्र है D का।**

**कथन-4: A और C बहनें हैं।**

**उपर्युक्त प्रश्न और कथनों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

**(a) कथन-1, कथन-2 और कथन 3 प्रश्न का उत्तर देने के लिये पर्याप्त हैं।**

**(b) कथन-1, कथन-3 और कथन-4 प्रश्न का उत्तर देने के लिये पर्याप्त हैं।**

**(c) सभी चारों कथन मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिये पर्याप्त हैं।**

**(d) सभी चारों कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिये पर्याप्त *नहीं* हैं।**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** विकल्पों से हल करने पर

विकल्प (a)




अत: स्पष्ट है कि E का B से संबंध नहीं बताया जा सकता

विकल्प (b)




E का B से संबंध नहीं बताया जा सकता

विकल्प (c)




अत: स्पष्ट है कि E का B से संबंध बताया जा सकता है।

**6. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**I. A + B का अर्थ है A न तो छोटा है B से, न बराबर है B के।**

**II. A – B का अर्थ है A बड़ा नहीं है B से।**

**III. A × B का अर्थ है A छोटा नहीं है B से।**

**IV. A ÷ B का अर्थ है A न तो बड़ा है B से, न बराबर है B के।**

**V. A ± B का अर्थ है A न तो छोटा है, न बड़ा है B से।**

***कथन:* P × Q, P – T, T ÷ R, R ± S**

***निष्कर्ष-1:* Q ± T**

***निष्कर्ष-2:* S + Q**

**उपर्युक्त कथन और निष्कर्षों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

**(a) कथन से केवल निष्कर्ष-1 निगमित होता है।**

**(b) कथन से केवल निष्कर्ष-2 निगमित होता है।**

**(c) कथन से निष्कर्ष-1 और निष्कर्ष-2 दोनों निगमित होते हैं।**

**(d) कथन से न तो निष्कर्ष-1, न ही निष्कर्ष-2 निगमित होता है।**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या: कथन:** $S = R > T \geq P \geq Q$

निष्कर्ष (i) Q = T

उपरोक्त निष्कर्ष सही हो भी सकता है ओर नहीं भी। अत: यह अनुसरण नहीं करता है।

निष्कर्ष (ii) S = Q

कथन से स्पष्ट है कि S निश्चित रूप से Q से बड़ा है। अत: यह अनुसरण करता है।

**7. यदि आज रविवार है, तो ठीक-ठीक $10^{10}$वाँ दिन कौन-सा दिन है?**

**(a) बुधवार** **(b) बृहस्पतिवार**

**(c) शुक्रवार** **(d) शनिवार**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** $10^{th}$ day = 10000000000वाँ दिन

7 से भाग करने पर शेष = 4 (विषम दिन)

अत: अभीष्ट दिन = रविवार + 4 दिन = बृहस्पतिवार

**नोट:** जबकि आयोग द्वारा दिया उत्तर विकल्प (a) है।

**8. 125 सर्वसम घन एक घनाकार खंड के रूप में व्यवस्थित किये गए हैं। कितने घन हर पार्श्व से अन्य घनों द्वारा घिरे हुए हैं?**

**(a) 27** **(b) 25**

**(c) 21** **(d) 18**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:**




प्रश्न की शर्त को पूरा करने वाले घनों की संख्या = 9 × 3 = 27

**9. 7 सेमी. × 5 सेमी. × 3 सेमी. विमाओं वाले एक घनाभ के क्रमश: 7 सेमी. × 5 सेमी., 5 सेमी. × 3 सेमी., 7 सेमी. × 3 सेमी. विमाओं वाले सम्मुख फलकों के प्रत्येक युग्म को लाल, हरे और नीले रंग से रँगा गया है। तब इस घनाभ को काटकर प्रत्येक 1 सेमी. भुजा के विभिन्न घन अलग कर दिये जाते हैं। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**1. ऐसे ठीक-ठीक 15 छोटे घन हैं जिनके किसी भी फलक पर कोई रंग नहीं है।**

**2. ऐसे ठीक-ठीक 6 छोटे घन हैं जिनके ठीक-ठीक दो फलक, एक नीले और दूसरा हरे रंग से रँगे हुए हैं।**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:**




(i) बिना कोई सतह रंगे घन = 5 × 3 = 15 [2, 3 व 4 में]

(ii) दी गई शर्त को पूरा करने वाले घनों की संख्या = 2 × 2 = 4 [1 & 5 में]

**10. अनुक्रम**

**ABC_ _ABC_DABBCD_ABCD**

**पर विचार कीजिये, जो कि एक निश्चित प्रतिरूप का अनुसरण करता है।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक, इस अनुक्रम को पूरा करता है?**

**(a) DACB**

**(b) CDAB**

**(c) DCCA**

**(d) DDCA**

*सही उत्तरः* **(d)**

**व्याख्याः** A B C D D A B C C D A B B C D A A B C D

**11. उस समूह को चुनिये जो अन्य समूहों से भिन्न है:**

**(a) 17, 37, 47, 97**

**(b) 31, 41, 53, 67**

**(c) 71, 73, 79, 83**

**(d) 83, 89, 91, 97**

*सही उत्तरः* **(d)**

**व्याख्याः** विकल्प (d) समूह में शामिल '91' एक 'भाज्य संख्या' है जबकि अन्य तीनों विकल्प अभाज्य संख्याओं का समूह हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**12. कोई बल्लेबाज केवल एक रन लेते हुए व चौके और छक्के मारते हुए कितने तरीकों से ठीक-ठीक 25 रन बना सकता है, जबकि रन बनाने का कोई भी अनुक्रम हो सकता है?**

**(a) 18** **(b) 19**

**(c) 20** **(d) 21**

*सही उत्तरः* **(b)**

**व्याख्याः**

| | |
|---|---|
| (1) | $1 \times 25 = 25$ |
| (2) | $4 \times 1 + 21 \times 1 = 25$ |
| (3) | $4 \times 2 + 17 \times 1 = 25$ |
| (4) | $4 \times 3 + 13 \times 1 = 25$ |
| (5) | $4 \times 4 + 9 \times 1 = 25$ |
| (6) | $4 \times 5 + 5 \times 1 = 25$ |
| (7) | $4 \times 6 + 1 \times 1 = 25$ |
| (8) | $6 \times 1 + 19 \times 1 = 25$ |
| (9) | $6 \times 2 + 13 \times 1 = 25$ |
| (10) | $6 \times 3 + 7 \times 1 = 25$ |
| (11) | $6 \times 4 + 1 \times 1 = 25$ |
| (12) | $6 \times 1 + 4 \times 1 + 15 = 25$ |
| (13) | $6 \times 1 + 4 \times 2 + 11 = 25$ |
| (14) | $6 \times 1 + 4 \times 3 + 7 = 25$ |
| (15) | $6 \times 1 + 4 \times 4 + 3 = 25$ |
| (16) | $6 \times 2 + 4 \times 1 + 9 = 25$ |
| (17) | $6 \times 2 + 4 \times 2 + 5 = 25$ |
| (18) | $6 \times 2 + 4 \times 3 + 1 = 25$ |
| (19) | $6 \times 3 + 4 \times 1 + 3 = 25$ |

**13. प्रत्येक 2 gm, 5gm, 10 gm, 25gm, 50gm भार वाले वृहद् संख्या में चाँदी के सिक्के हैं। निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. 78 gm सिक्कों को खरीदने के लिये कम-से-कम 7 सिक्के खरीदना आवश्यक है।**

**2. इन सिक्कों का उपयोग कर 78 gm भार वजन करने के लिये 7 से कम सिक्के उपयोग में लाए जा सकते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तरः* **(c)**

**व्याख्याः**

(i) अभीष्ट तरीका

= 50 gm + 10 gm + 10 gm + 2 gm + 2 mg + 2 mg + 2 gm

$\Rightarrow$ 7 coins

(ii) अभीष्ट तरीका

(50 gm + 25 gm + 5 gm) – (2 gm)

अतः स्पष्ट है कि दोनों कथन सही हैं।

**14. अनुक्रम**

**Z, Z, Y, Y, Y, X, X, X, X, W, W, W, W,W, .... A** का मध्य पद क्या है?

**(a) H** **(b) I**

**(c) J** **(d) M**

*सही उत्तरः* **(b)**

**व्याख्याः** 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27

सभी का योग = 1 से 27 तक का योग – 1

$= \frac{27 \times 28}{2} - 1 = 378 - 1 = 377$

$\left[\because \text{ प्रथम } n \text{ संख्याओं का योग } = \frac{n(n+1)}{2}\right]$

मध्य की संख्या $= \frac{377+1}{2} = \frac{378}{2} = 189$वी

189वाँ अक्षर $\Rightarrow$ I

**15. एक वृत्त के रूप में व्यवस्थित 12 वस्तुओं में से दक्षिणावर्त दिशा में 10 क्रमागत वस्तुओं के चयनों की संख्या क्या है?**

**(a) 3** **(b) 11**

**(c) 12** **(d) 66**

*सही उत्तरः* **(c)**

**व्याख्याः**



अभीष्ट संख्या = 12

(1 – 10), (2 – 11), (3 – 12), (4 – 1), (5 – 2), (6 – 3), (7 – 4), (8 – 5), (9 – 6), (10 – 7), (11 – 8), (12 – 9)

कुल तरीके = 12

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. A आयु में B से बड़ा है।**

**2. C और D समान आयु के हैं।**

**3. E आयु में सबसे छोटा है।**

**4. F आयु में D से छोटा है।**

**5. F आयु में A से बड़ा है।**

**सबसे अधिक उम्र के व्यक्ति/व्यक्तियों को निर्धारित करने के लिये उपर्युक्त कितने कथनों की आवश्यकता है?**

**(a) केवल दो की**

**(b) केवल तीन की**

**(c) केवल चार की**

**(d) सभी पाँचों की**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**

(i) A > B

(ii) C = D

(iii) E सबसे छोटा है।

(iv) D > F

(v) F > A

C = D > F > A > B > E

अत: उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर देने के लिये सभी कथनों की आवश्यकता है।

## 2022

**1. यदि अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम को उल्टा कर दिया जाए और नए क्रम में आया हर वर्ण उस वर्ण को निरूपित करे जिसका मूल स्थान उसने लिया है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'LUCKNOW' को निरूपित करता है?**

**(a) OGXPMLD** **(b) OGXQMLE**

**(c) OFXPMLE** **(d) OFXPMLD**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**




**2. तीन व्यक्ति A, B और C किसी पंक्ति (क्यू) में खड़े हैं किन्तु आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। A और B के बीच 4 व्यक्ति हैं और B तथा C के बीच 7 व्यक्ति हैं। यदि C के आगे 11 व्यक्ति हैं और A के पीछे 13 व्यक्ति हैं, तो पंक्ति में खड़े व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या क्या है?**

**(a) 22** **(b) 28**

**(c) 32** **(d) 38**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:**




अत: कुल व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या = 10 + 1 + 2 + 1 + 4 + 1 + 3 = 22

**3. आठ विद्यार्थी A, B, C, D, E, F, G और H किसी वृत्ताकार मेज के परित: मेज के केन्द्र की ओर मुख किए हुए एक-दूसरे से एक समान दूरी पर बैठे हैं, किन्तु आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में हों। B और D न तो C के सन्निकट हैं, न ही C के ठीक सामने बैठे हैं। E और D के बीच में A बैठा है, और B और H के बीच में F बैठा है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक निश्चित रूप से सही है?**

**(a) A और G के बीच में B बैठा है**

**(b) G के ठीक सामने C बैठा है**

**(c) F के ठीक सामने E बैठा है**

**(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**




D, E एवं A को बैठाने के बाद 5 स्थान खाली है जिसमें B,C. D एवं F को बैठाने के लिये काफी संभावनाएँ बन सकती है।

अत: विकल्प (d) सही है।

**4. P, Q, R, S, T और U एक परिवार के छ: सदस्य हैं। Q का/की पति/पत्नी R है। T की माता U है और U की पुत्री S है। P की पुत्री T है और R का पुत्र P है। इस परिवार में दो दंपति हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

**(a) T का दादा/नाना Q है** **(b) T की दादी/नानी Q है**

**(c) P की माता R है** **(d) Q की प्रपौत्री/दौहित्री T है**

*सही उत्तर:* **(*)**

**व्याख्या:**




∵ यहाँ Q एवं R का लिग मालूम नहीं है, जिसके फलस्वरूप विकल्प (a), (b), (c) एवं (d) को ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

**नोट:** आयोग द्वारा इस प्रश्न को निरस्त किया गया है।

**5. दो कथन और उनके बाद चार निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं।**

**कथन यद्यपि सामान्य ज्ञात तथ्यों से असंगत प्रतीत हों, तो भी आपको उन्हें सत्य मानना है। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और तब निश्चय कीजिये कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष, सामान्य ज्ञात तथ्यों की उपेक्षा करते हुए इन कथनों से तर्कसंगत रूप से अनुगमित होता है/होते हैं:**

**कथन-1: सभी कलमें, किताबें हैं।**

**कथन-2: कोई कुर्सी, कलम नहीं है।**

**निष्कर्ष-I : सभी कुर्सियाँ, किताबें हैं।**

**निष्कर्ष-II : कुछ कुर्सियाँ, कलमें हैं।**

**निष्कर्ष-III : सभी किताबें, कुर्सियाँ हैं।**

**निष्कर्ष-IV: कोई भी कुर्सी, किताब नहीं है।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

**(a) केवल निष्कर्ष-I**

**(b) केवल निष्कर्ष-II**

**(c) निष्कर्ष-III और निष्कर्ष-IV दोनों**

**(d) इन निष्कर्षों में से कोई भी अनुगमित नहीं होता**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**




अत: कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है।

अत: विकल्प (d) सही है।

**6. तीन कथन और उनके बाद तीन निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं। कथन यद्यपि सामान्य ज्ञात तथ्यों से असंगत प्रतीत हों, तो भी आपको उन्हें सत्य मानना है। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और तब निश्चय कीजिये कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, सामान्य ज्ञात तथ्यों की उपेक्षा करते हुए इन कथनों से तर्कसंगत रूप से अनुगमित होता है/होते हैं:**

**कथन-1: कुछ डॉक्टर, शिक्षक हैं।**

**कथन-2: सभी शिक्षक, इंजीनियर हैं।**

**कथन-3: सभी इंजीनियर, वैज्ञानिक हैं।**

**निष्कर्ष-I: कुछ वैज्ञानिक, डॉक्टर हैं।**

**निष्कर्ष-II: सभी इंजीनियर, डॉक्टर हैं।**

**निष्कर्ष-III: कुछ इंजीनियर, डॉक्टर हैं।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

**(a) केवल निष्कर्ष-I**

**(b) केवल निष्कर्ष-II**

**(c) निष्कर्ष-I और निष्कर्ष-III दोनों**

**(d) निष्कर्ष-I और निष्कर्ष-II दोनों**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:**




अत: निष्कर्ष I एवं III सही हैं।

अत: विकल्प (c) सही है।

**7. निम्नलिखित में से जून 2099 के किस दिनांक को रविवार होगा?**

| | |
|---|---|
| **(a) 4** | **(b) 5** |
| **(c) 6** | **(d) 7** |

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** विषम दिन = 0

सन् 2000 में विषम दिनों की संख्या = 0

98 वर्ष में 24 लीप वर्ष एवं 74 साधारण वर्ष होंगे जिसमें विषम दिनों की कुल संख्या $= 24 \times 2 + 74 = \frac{122}{7} = 3$ शेष

जनवरी 2099 से मई 2099 तक कुल विषम दिनों की संख्या

$= 3 + 0 + 30 + 2 + 3 + = \frac{11}{7} = 4$ शेष

कुल विषम दिन $= \frac{0+3+4}{7} = 0$ शेष

अत: मई का अंतिम दिन रविवार होगा इसलिये जून में 7 तारिख को प्रथम रविवार होगा।

**8. निम्नलिखित पर विचार कीजिये।**

**1. अपराह्न 3:16 बजे और अपराह्न 3:17 बजे के बीच घड़ी की घंटे की सूई और मिनट की सूई एक साथ मिलती है।**

**2. अपराह्न 4:58 बजे और अपराह्न 4:59 बजे के बीच के घड़ी की मिनट की सूई और सेकण्ड की सूई एक साथ मिलती है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

| | |
|---|---|
| **(a) केवल 1** | **(b) केवल 2** |
| **(c) 1 और 2 दोनों** | **(d) न तो 1 और न ही 2** |

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** 3 : 16 एवं 3 : 17 के बीच घड़ी की घंटे एवं मिनट की सूई आपस में एक-दूसरे से मिलती है।

अत: कथन (1) सही है।

अपराह्न 4:58 एवं 4:59 बजे के बीच मिनट एवं सेकेंड वाली सूई आपस में एक-दूसरे से मिलती है।

अत: विकल्प (c) सही है।

**9. कोई व्यक्ति घर से 14:30 बजे निकला और यात्रा कर गाँव पहुँचा, तब गाँव की घड़ी ने 15:15 बजे का समय दिखाया। वहाँ 25 मिनट रुककर, वह पहले वाले मार्ग की अपेक्षा 1.25 गुना लम्बे मार्ग से, दोगुनी चाल से यात्रा कर 16:00 बजे अपने घर पहुँचा। घर की घड़ी की तुलना में गाँव की घड़ी**

**(a) 10 मिनट धीमी है**

**(b) 5 मिनट धीमी है**

**(c) 10 मिनट तेज है**

**(d) 5 मिनट तेज है**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** माना गाँव की घड़ी 5 मिनट तेज थी, वह घर से 14:30 अर्थात् 2:30 में निकलता है और उस समय गाँव की घड़ी में वास्तविक समय 15:10 अर्थात् 3:10 बज रहा होगा।

2:30 – 3:10 = 40 मिनट

∵ वह 25 मिनट के लिये वह रूकता है।

3:10 + 25 = 3:25 PM

वह पहले मार्ग की अपेक्षा दूसरी मार्ग से 1.25 गुना लंबी दूरी तय करता है, अर्थात्

1.25 समय = 25% वास्तविक समय का = $\frac{1}{4}$ भाग

∴ $40 \times \frac{1}{4} = 10$ मिनट वह अधिक समय लेता है।

अतः उसे वापस आने में उसे (वास्तविक चाल 25 मिनट) दोगुनी चाल से 50 मिनट लगते हैं।

**10. अनुक्रम 2, 12, 36, 80, 150, X में X का मान क्या है?**

**(a) 248** **(b) 252**

**(c) 258** **(d) 262**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 2, 12, 36, 80, 150, x

चूँकि $2 = 1^3 + 1^2$ $12 = 2^3 + 2^2$

$36 = 3^3 + 3^2$ $80 = 4^3 + 4^2$

$150 = 5^3 + 5^2$

अतः $x = 6^3 + 6^2 = 216 + 36 = 252$

**11. अनुक्रम 20, 10, 10, 15, 30, 75, X में X का मान क्या है?**

**(a) 105** **(b) 120**

**(c) 150** **(d) 225**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**




**12. वर्ण A, B, C, D और E इस तरह व्यवस्थित किए गए हैं कि A और E के बीच यथातथ्य दो वर्ण हैं। इस तरह कितनी व्यवस्थाएँ संभव हैं?**

**(a) 12**

**(b) 18**

**(c) 24**

**(d) 36**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** A 3 × 2 E × 1 = 6 × 2 = 12

3 × A × 2 × 1 × E = 6 × 2 = 12

अभीष्ट व्यवस्थाएँ = 12 + 12 = 24

अतः विकल्प (c) सही है।

**13. 1.01 km लंबी सड़क के एक किनारे एक-दूसरे से समान दूरी पर 101 पौधे रोपे गए हैं। 5 क्रमागत पौधों के बीच कुल कितनी दूरी है?**

**(a) 40m** **(b) 40.4m**

**(c) 50m** **(d) 50.5m**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 1.01 किमी. = 1.01 × 1000 मी.

प्रत्येक पौधे की बीच की दूरी = $\frac{1.01 \times 1000}{100}$ = 10m

अतः क्रमागत 5 पौधों के बीच की दूरी

= 


= 10.1 × 4 = 40.4

**14. A, B और C तीन स्थान इस प्रकार हैं कि A से B के लिये तीन भिन्न रास्ते हैं, B से C के लिये चार भिन्न रास्ते हैं और A से C के लिये तीन भिन्न रास्ते हैं। इन रास्तों का प्रयोग कर कोई व्यक्ति कितने भिन्न मार्गों से A से C तक जा सकता है?**

**(a) 10** **(b) 13**

**(c) 15** **(d) 36**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** A —3 रास्ते→ B —4 रास्ते→ C

A से B एवं B से C के लिये कुल रास्ते = 3 × 4 = 12

अतः A से C के लिये रास्ते = 3

अभीष्ट कुल रास्ते = 12 + 3 = 15

अतः विकल्प (c) सही है।

**15. दो मित्र X और Y दौड़ना शुरू करते हैं और वे एक साथ 50 m तक एक ही दिशा में दौड़कर एक बिन्दु पर पहुँचते हैं। X दाहिने मुड़कर 60 m दौड़ता है, जबकि Y बाएँ मुड़कर 40 m दौड़ता है। इसके बाद X बाएँ मुड़कर 50 m दौड़कर रुक जाता है, जबकि Y दाहिने मुड़कर 50 m दौड़कर रुक जाता है। अब दोनों मित्र एक-दूसरे से कितनी दूर हैं?**

**(a) 100 m** **(b) 90 m**

**(c) 60 m** **(d) 50 m**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:**




अतः X और Y के बीच की दूरी = 40 + 60 = 100 m

# 2021

**1. अंग्रेज़ी वर्णमाला में, प्रारंभिक 4 अक्षर विपरीत क्रम में लिखे जाते हैं; और अगले 4 अक्षर विपरीत क्रम में लिखे जाते हैं और आगे भी इसी तरह लिखा जाता है; और अंत में Y और Z को परस्पर बदल दिया जाता है। 13वें अक्षर के दाईं ओर से चौथा अक्षर कौन-सा होगा?**

**(a) N** **(b) T**
**(c) H** **(d) I**

*सही उत्तरः* (b)

**व्याख्याः** दी गई शर्त के अनुसार वर्णमाला के अक्षरों को बदल कर लिखने पर–

D C B A H G F E L K J I P O N M [T] S R Q X W V U Z Y

अतः स्पष्ट है कि 13वाँ अक्षर P है जिसके दाईं ओर चौथा अक्षर T है। अतः विकल्प (b) सही है।

**2. सात पुस्तकें P, Q, R, S, T, U और V साथ-साथ रखी हैं। R, Q और T के आवरण नीले हैं और अन्य पुस्तकों के आवरण लाल रंग के हैं। केवल S और U नई पुस्तकें हैं और शेष पुस्तकें पुरानी हैं। P, R और S विधि रिपोर्ट हैं; शेष गज़ेटियर हैं। नीले आवरण वाले पुराने गज़ेटियर कौन-से हैं?**

**(a) Q और R** **(b) Q और U**
**(c) Q और T** **(d) T और U**

*सही उत्तरः* (c)

**व्याख्याः** P, Q, R, S, T, U तथा V में से गजेटियर = Q, T, U, V
इनमें से नीले आवरण वाले = R, Q तथा T
अतः नीले आवरण वाले गजेटियर = Q तथा T
अतः विकल्प (c) सही है।

**3. एक दिये गए अनुक्रम 3, 2, 7, 4, 13, 10, 21, 18, 31, 28, 43, 40 में, गलत पद को सही पद से बदलें, जहाँ विषम पद और सम पद समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।**

**(a) 0** **(b) 1**
**(c) 3** **(d) 6**

*सही उत्तरः* (a)

**व्याख्याः**

+4 +6 +8 +10 +12
3 [2] 7 4 13 10 21 18 31 28 43 40
+4 +6 +8 +10 +12

अतः स्पष्ट है कि 2 के स्थान पर 0 आना चाहिये। अतः विकल्प (a) सही है।

**4. कुछ प्रविष्टियों का आव्यूह नीचे दिया गया है। प्रविष्टियाँ पंक्तिवार एक निश्चित प्रवृत्ति का अनुसरण करती हैं। तदनुसार अप्राप्त प्रविष्टि (?) का चयन कीजिये।**

| | | |
|---|---|---|
| 7B | 10A | 3C |
| 3C | 9B | 6A |
| 10A | 13C | ? |

**(a) 9B** **(b) 3A**
**(c) 3B** **(d) 3C**

*सही उत्तरः* (c)

**व्याख्याः** जिस प्रकार, 7 + 3 = 10
3 + 6 = 9
10 + ? = 13
∴ ? = 3

प्रत्येक पंक्ति में A, B तथा C उपस्थित हैं। अतः ? के स्थान पर 3B आएगा। विकल्प (c) सही है।

**5. नीचे दो पंक्तियों में दो सर्वसम अनुक्रम दिये गए हैं:**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुक्रम-I: | 8 | 4 | 6 | 15 | 52.5 | 236.25 |
| अनुक्रम-II: | 5 | A | B | C | D | E |

**अनुक्रम-II के लिये C के स्थान पर क्या प्रविष्टि है?**

**(a) 2.5** **(b) 5**
**(c) 9.375** **(d) 32.8125**

*सही उत्तरः* (c)

**व्याख्याः** जिस प्रकार, 8 × .5 = 4
4 × 1.5 = 6
6 × 2.5 = 15
15 × 3.5 = 52.5
52.5 × 4.5 = 236.25

इस प्रकार, 5 ×.5 = 2.5 (A)
2.5 ×1.5 = 3.75 (B)
3.75 ×2.5 = 9.375 (C)

अतः विकल्प (c) सही है।

**6. एक कथन नीचे दिया गया है, जिसके उपरांत निष्कर्ष-I और निष्कर्ष-II दिये गए हैं। आपको इस कथन को सही मानते हुए प्रश्नों का उत्तर देना है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों की दृष्टि से संगत प्रतीत न हो। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और तत्पश्चात निर्णय करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिये गए कथन के अनुसार तर्कसंगत है/हैं, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों की दृष्टि से संगत न हों।**

**कथनः कुछ बिल्लियाँ अलमारी हैं। कुछ अलमारियाँ कुर्सी हैं। सभी कुर्सियाँ मेज़ हैं।**

**निष्कर्ष-I : कुछ अलमारियाँ निश्चित रूप से मेज़ हैं।**

**निष्कर्ष-II: कुछ बिल्लियाँ कुर्सी नहीं भी हो सकती हैं।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

**(a) केवल निष्कर्ष-I**
**(b) केवल निष्कर्ष-II**
**(c) निष्कर्ष-I और निष्कर्ष-II दोनों**

**(d) न तो निष्कर्ष-I न ही निष्कर्ष-II** *सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:**




उपर्युक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि विकल्प (c) सही है।

**7. एक दर्पण में अंग्रेज़ी वर्णमाला ( बड़े अक्षरों में ) के व्यंजनों के प्रतिबिंबों का अवलोकन किया जाता है। इनमें से उन प्रतिबिंबों की संख्या कितनी है जो अपनी मूल आकृति के समान दिखाई *नहीं* देते हैं?**

(a) 13 (b) 14

(c) 15 (d) 16 *सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**

| मूल अक्षर | प्रतिबिंब | मूल अक्षर | प्रतिबिंब |
|---|---|---|---|
| A | A | **N** | **И** |
| **B** | **ꓭ** | O | O |
| **C** | **Ɔ** | **P** | **ꟼ** |
| **D** | **ꓷ** | **Q** | **Ϙ** |
| E | Ǝ | **R** | **Я** |
| **F** | **ꟻ** | **S** | **Ƨ** |
| **G** | **ᘓ** | T | T |
| H | H | U | U |
| I | I | V | V |
| **J** | **Ⴑ** | W | W |
| **K** | **ꓘ** | X | X |
| **L** | **⅃** | Y | Y |
| M | M | **Z** | **Ƹ** |

अत: कुल 14 व्यंजन ऐसे हैं जिनका प्रतिबिंब मूल आकृति के समान नहीं बनाता है। अत: विकल्प (b) सही है।

**8. एक बैंक कर्मचारी अपने घर से दक्षिण की ओर 10 km गाड़ी चलाती है, फिर वह अपने बाईं ओर मुड़ती है और 20 km गाड़ी चलाती है। वह पुन: अपने बाईं ओर मुड़ती है और 40 km गाड़ी चलाती है, फिर अपने दाईं ओर मुड़ती है और 5 km गाड़ी चलाती है। वह पुन: अपने दाईं ओर मुड़ती है और 30 km गाड़ी चलाकर अपने बैंक पहुँचती है, जहाँ वह कार्यरत है। उसके बैंक और उसके घर के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है?**

**(a) 20 km** **(b) 25 km**

**(c) 30 km** **(d) 35 km**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि उसके बैंक और घर के बीच की न्यूनतम दूरी 25 किमी. है। अत: विकल्प (b) सही है।

**9. एक महिला उत्तर की ओर 12 km दौड़ती है, फिर वह दक्षिण की ओर 6 km तथा उसके पश्चात पूर्व की ओर 8 km दौड़ती है। अपने प्रस्थान बिंदु से वह किस दिशा में है?**

**(a) दक्षिण-पूर्व में 45° से कम कोण पर**

**(b) उत्तर-पूर्व में 45° से कम कोण पर**

**(c) दक्षिण-पूर्व में 45° से अधिक कोण पर**

**(d) उत्तर-पूर्व में 45° से अधिक कोण पर**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि वह प्रारंभिक बिंदु से उत्तर-पूर्व दिशा में न्यूनकोण पर है। अत: विकल्प (b) सही है।

**10. एक कथन नीचे दिया गया है, जिसके उपरांत निष्कर्ष-I और निष्कर्ष-II दिये गए हैं। आपको इस कथन को सही मानते हुए प्रश्नों का उत्तर देना है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों की दृष्टि से संगत प्रतीत न हो। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और तत्पश्चात् निर्णय करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिये गए कथन के अनुसार तर्कसंगत है/हैं, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों की दृष्टि से संगत न हों।**

**कथन: कुछ रेडियो, मोबाइल हैं। सभी मोबाइल, कंप्यूटर हैं। कुछ कंप्यूटर, घड़ी हैं।**

**निष्कर्ष-I कुछ रेडियो निश्चित रूप से घड़ी हैं।**

**निष्कर्ष-II कुछ मोबाइल निश्चित रूप से घड़ी हैं।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

**(a) केवल निष्कर्ष-I**

**(b) केवल निष्कर्ष-II**

**(c) निष्कर्ष-I और निष्कर्ष-II दोनों**

**(d) न तो निष्कर्ष-I, न ही निष्कर्ष-II**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्याः** 


उपर्युक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष-1 और न ही निष्कर्ष-2 संगत है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**11. एक बिसात ( शतरंज बोर्ड ) पर एक सीधे पथ की लंबाई में विकर्णों पर 6 क्रमागत वर्गों को कितने विभिन्न प्रकार से चयनित किया जा सकता है?**

**(a) 4** **(b) 6**
**(c) 8** **(d) 12**

*सही उत्तरः* **(b)**




**व्याख्याः** अभीष्ट वर्ग–
(A + B + C + D + E + F), (B + C + D + E + F + G),
(C + D + E + F + G + H), (I + J + K + L + M + N),
(J + K + L + M + N + O), (K + L + M + N + O + P)
अतः विकल्प (b) सही है।

**12. नीचे दिये गए चार विकल्पों में से एक विकल्प का उपयोग करते हुए श्रेणी _b_a_ba_b_abab_aab में विद्यमान छह रिक्त स्थानों (_) को इस तरह भरें ताकि यह श्रेणी, एक विशिष्ट क्रम का अनुसरण करे।**

**(a) bababa**
**(b) baabba**
**(c) bbaabb**
**(d) ababab**

*सही उत्तरः* **(d)**

**व्याख्याः** अभीष्ट क्रम निम्नलिखित प्रकार होगा–

**a**b**b**a**a**b a**b**b**a**ab ab**b**aab

अतः विकल्प (d) सही है।

**13. एक कूट-भाषा में 'MATHEMATICS' को 'LBSIDNZUHDR' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट-भाषा में 'CHEMISTRY' को कैसे लिखा जाएगा?**

**(a) DIDLHRSSX**
**(b) BIDNHTSSX**
**(c) BIDLHTSSX**
**(d) DGFLIRUQZ**

*सही उत्तरः* **(b)**

**व्याख्याः** जिस प्रकार,

| M | A | T | H | E | M | A | T | I | C | S |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ |
| L | B | S | I | D | N | Z | U | H | D | R |

उसी प्रकार,

| C | H | E | M | I | S | T | R | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ | +1 ↓ | –1 ↓ |
| B | I | D | N | H | T | S | S | X |

अतः विकल्प (b) सही है।

**14. निम्नलिखित में से किस समय किसी घड़ी के घंटे की सूई तथा मिनट की सूई आपस में 180° का कोण बनाएंगी?**

**(a) 7:00 बजे**
**(b) 7:00 और 7:05 बजे के बीच**
**(c) 7:05 बजे**
**(d) 7:05 और 7:10 बजे के बीच**

*सही उत्तरः* **(d)**

**व्याख्याः** 7 बजे घड़ी की सूइयों के मध्य कोण 210° होता है क्योंकि मिनट वाली सूई 12 पर तथा घंटे की सूई 7 पर होती है।

माना 7 बजे के बाद x मिनट पर घड़ी की दोनों सूइयों के बीच 180° का कोण बनेगा।

तब,

सुइयों के बीच का कोण $= 7 \times 30 - x \times \frac{11}{2}$

$\Rightarrow \quad 180 = 210 - \frac{11x}{2}$

$\Rightarrow \quad -11x = 360 - 420$

$\Rightarrow \quad 11x = 60$

$\Rightarrow \quad x = 5\frac{5}{11}$

अतः 7 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट पर सुई आपस में 180° का कोण बनाएंगी।

अतः विकल्प (d) सही है।

**15. एक ग्राम में आधे ग्रामवासियों के अपने घर हैं। 1/5 ग्रामवासी धान की खेती करते हैं। 1/3 ग्रामवासी साक्षर हैं। 4/5 ग्रामवासियों की आयु 25 वर्ष से कम है। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा निश्चित रूप से सही है?**

**(a) ऐसे सभी ग्रामवासी साक्षर हैं, जिनके पास अपने घर हैं।**

**(b) 25 वर्ष से कम आयु वाले कुछ ग्रामवासी, साक्षर हैं।**

**(c) केवल आधे ग्रामवासी साक्षर हैं जो धान की खेती करते हैं।**

**(d) 25 वर्ष से कम आयु वाले किसी भी ग्रामवासी के पास अपना घर नहीं है।**

*सही उत्तर:* (b)

**व्याख्या:** माना कुल ग्रामवासियों की संख्या 300 है।

$\therefore$ ऐसे ग्रामवासी जिनके अपने घर हैं = $300 \times \frac{50}{100} = 150$

ऐसे ग्रामवासी जो धान की खेती करते हैं = $300 \times \frac{1}{5} = 60$

साक्षर ग्रामवासियों की संख्या = $300 \times \frac{1}{3} = 100$

25 से कम आयु के ग्रामवासियों की संख्या = $300 \times \frac{4}{5} = 240$

अत: कथन (a) गलत है क्योंकि सभी ग्रामवासी जिनके पास अपने घर हैं आवश्यक नहीं है वे साक्षर भी हों, क्योंकि 100 ग्रामवासी साक्षर हैं वे कोई भी हो सकते हैं।

कथन (b) सही है। क्योंकि कुल 100 ग्रामवासी साक्षर हैं। यदि 60 ग्रामवासी ऐसे भी हों जिनकी आयु 25 से अधिक है तब भी कम-से-कम 40 ग्रामवासी ऐसे अवश्य होंगे जिनकी आयु 25 वर्ष से कम है और वे साक्षर हैं।

अत: विकल्प (b) सही है।

**16. दो कथनों और एक प्रश्न पर विचार कीजिये-**

**कथन-1 : किसी माह का अंतिम दिन बुधवार है।**

**कथन-2 : इस माह का तृतीय शनिवार उसका 17वाँ दिन है।**

**प्रश्न : इस माह के 14वें दिन कौन-सा वार है?**

**कथनों और प्रश्न के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

**(a) प्रश्न का उत्तर देने के लिये केवल कथन-1 पर्याप्त है।**

**(b) प्रश्न का उत्तर देने के लिये केवल कथन-2 पर्याप्त है।**

**(c) प्रश्न का उत्तर देने के लिये कथन-1 और कथन-2 दोनों की आवश्यकता है।**

**(d) प्रश्न का उत्तर देने के लिये न तो केवल कथन-1, न ही केवल कथन-2 पर्याप्त है।**

*सही उत्तर:* (b)

**व्याख्या: कथन-1 से-**

यदि माह का अंतिम दिन बुधवार है तब यह निश्चित तौर पर ज्ञात नहीं किया जा सकता कि उस माह का 14वाँ दिन क्या है। क्योंकि माह 28 दिन, 29 दिन, 30 दिन, अथवा 31 दिन का, कोई भी हो सकता है। प्रत्येक स्थिति में अलग-अलग दिन आएगा।

**कथन-2 से-**

माह का 17वाँ दिन = शनिवार

माह का 16वाँ दिन = शुक्रवार

माह का 15वाँ दिन = बृहस्पतिवार

माह का 14वाँ दिन = बुधवार

अत: स्पष्ट है कि विकल्प (b) सही है।

**17. 10 अक्तूबर, 2027 को कौन-सा वार होगा?**

**(a) रविवार**

**(b) सोमवार**

**(c) मंगलवार**

**(d) शनिवार**

*सही उत्तर:* (a)

**व्याख्या:** 10 अक्तूबर, 2027

= 2026 वर्ष + 1 जनवरी से 10 अक्तूबर

= 2000 + 26 + 1 जनवरी से 10 अक्तूबर

= 400 × 5 + 20 सामान्य वर्ष + 6 लीप वर्ष

+ 31 + 28 + 31 + 30 + 31 + 30 + 31 + 31 + 30 + 10

= 0 विषम दिन + 20 × 1 विषम दिन + 6 × 2 विषम दिन + 3 + 0

3 + 2 + 3 + 2 + 3 + 3 + 2 + 3 विषम दिन

= 32 विषम दिन + 24 विषम दिन

= 56 विषम दिन

= 0 विषम दिन

अत: 10 अक्तूबर, 2027 का दिन = रविवार

अत: विकल्प (a) सही है।

**18. नीचे दिये गए दो कथनों और चार निष्कर्षों पर विचार कीजिये। आपको इन कथनों को सही मानते हुए प्रश्नों का उत्तर देना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों की दृष्टि से संगत प्रतीत न हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और तत्पश्चात निर्णय करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिये गए कथनों के अनुसार तर्कसंगत है/हैं, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों की दृष्टि से संगत न हों।**

**कथन-1 :** कुछ हरे नीले हैं।

**कथन-2 :** कुछ नीले काले हैं।

**निष्कर्ष-1 :** कुछ हरे काले हैं।

**निष्कर्ष-2 :** कोई भी हरा काला नहीं है।

**निष्कर्ष-3 :** सभी हरे काले हैं।

**निष्कर्ष-4 : सभी काले हरे हैं।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

**(a) केवल निष्कर्ष-1 और निष्कर्ष-2**

**(b) केवल निष्कर्ष-2 और निष्कर्ष-3**

**(c) केवल निष्कर्ष-3 और निष्कर्ष-4**

**(d) न तो निष्कर्ष-1, न ही 2, न ही 3, न ही 4**

*सही उत्तरः* **(d)**

**व्याख्याः**




उपर्युक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है। अतः विकल्प (d) सही है।

**19. अनुक्रम 2, 7, 22, 67, 202, X, 1822 में 'X' का मान क्या है?**

**(a) 603**

**(b) 605**

**(c) 607**

**(d) 608**

*सही उत्तरः* **(c)**

**व्याख्याः**

$$2 \times 3 + 1 = 7$$
$$7 \times 3 + 1 = 22$$
$$22 \times 3 + 1 = 67$$
$$67 \times 3 + 1 = 202$$
$$202 \times 3 + 1 = 607$$
$$607 \times 3 + 1 = 1822$$

अतः विकल्प (c) सही है।

## 2020

